# गुजरात ने दिया उद्यमियों को न्योता

लखनऊ, प्रमुख संवाददाता। वाइब्रेंट गुजरात में आने का न्योता देते हुए गुजरात सरकार ने यूपी के निवेशकों से रिन्यूबल इनर्जी, खाद्य प्रसंस्करण, समेत कई सेक्टर में निवेश का आह्ववान किया है। गुजरात के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री ऋषिकेश पटेल ने कहा कि इस राज्य में न कोई बाहुबली है और न संगठित अपराध होता है। यहां सरकार से लेकर जनता तक कारोबारियों को हर तरह से सहयोग करते हैं।

वाइब्रेंट गुजरात के लिए देश विदेश में रोड शो कर रही गुजरात सरकार के प्रतिनिधि सोमवार को लखनऊ में थे। मंत्री व वहां के आए अधिकारियों ने यहां पहले निवेशकों को बदलते बढ़ते गुजरात के बारे में बताया। बाद में पत्रकारों से बातचीत में मंत्री ने कहा कि यह ऐसा अवसर है जहां यूपी खुद को शोकेस कर सकता है और दोनों राज्यों के उद्यमी एक दूसरे राज्य में जाकर निवेश कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यूपी तो देश का दिल है और यहां के मुख्यमंत्री योगी ने यहां कानून-व्यवस्था बहुत बेहतर कर दी है। उन्होंने कहा कि गुजरात सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में बड़े निवेशकों को आमंत्रित कर रहा है। इस क्षेत्र की अग्रणी मल्टीनेशनल कंपनी गुजरात में भारी निवेश करने जा रही है और राज्य सरकार ने 90 दिनों में कंपनी का जमीन उपलब्ध करवा कर उसका भूमि पूजन करा दिया।




गुजरात सरकार के दल ने सोमवार को यूपी के उद्यमियों को निवेश का न्योता दिया।

## 75 प्रतिशत एमओयू धरातल पर उतरे

गुजरात के मंत्री ऋषिकेश पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री रहते हुए नरेंद्र मोदी ने 2003 में वाइब्रेंट गुजरात की शुरूआत की थी। इनके जरिए अब तक एक लाख 40 हजार एमओयू हुए। यूपी के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता ने कहा कि मोदी के दूरदर्शी मार्गदर्शन के तहत, गुजरात और उत्तर प्रदेश वर्तमान में एक साथ मिलकर काम कर रहे हैं।